-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **परिवार परामर्श केन्द्र पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक विवाद/मतभेद को समाप्त कराते हुए 03 परिवारों को टूटने से बचाया। आपसी मतभेद को भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में सामाजिक रिश्तों को बचाने हेतु किये जा रहे प्रयासों के क्रम में परिवार परामर्श केन्द्र बांदा पुलिस टीम और समाजसेवियों द्वारा परिवारिक आपसी झगड़े/मतभेद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए 03 परिवारों को टूटने से बचाया। गौरतलब हो कि थाना गिरवां क्षेत्र के रहने वाले 1-राजकुमार वर्मा द्वारा अपनी पत्नी के विरुद्ध, 2- थाना कोतवाली देहात क्षेत्र की रहने वाली रजनी व 3-थाना बिसण्डा क्षेत्र की रहने वाली कुलसुम खातून द्वारा अपने पति व ससुरालीजनों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक बांदा को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया गया था। परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुनकर समझकर द्वितीय पक्ष से सम्पर्क करके उन्हें परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया तथा दोनो पक्षों को समझाया गया। दोनों पक्षो द्वारा भविष्य में आपस में लड़ाई झगड़ा न करने तथा परिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही गयी। आपसी सुलह होने पर परिवार परामर्श केंद्र की टीम द्वारा परिवार को आपस में सामन्जस्य बिठाकर एवं परिवारिक दायित्यों को सही प्रकार से निर्वहन करने हेतु सलाह दी गयी।

समझौता कराने वाली टीम:-

1. उ0नि0 श्रीमती अनुपमा तिवारी
2. काउंसलर श्रीमती सीमा सिंह
3. का0 भानू प्रकाश
4. उर्दू अनुवादक श्रीमती कनीज़ ज़हरा।